<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक – 05.11.2025 (सुबह – 0830 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

- घाटशिला उपचुनाव को लेकर भाजपा और झामुमो ने झोंकी ताकत, ओड़िशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी ने भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मांगा समर्थन, गांडेय विधायक कल्पना सोरेन ने मतदाताओं से झामुमो प्रत्याशी को जिताने की अपील की।
- झारखंड उच्च न्यायालय ने सिख दंगा पीड़ितों को मुआवजा देने के मामले में राज्य सरकार को वन मैन कमीशन को सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने का दिया आदेश।
- झारखंड समेत देशभर में आज धूम–धाम से मनाया जा रहा गुरूनानक जी का 556वां प्रकाश पर्व, राष्ट्रपति, राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने दी शुभकामनाएं।
- झारखंड में उत्तर–पश्चिमी हवाओं से न्यूनतम तापमान सामान्य से नीचे पहुंचा, मौसम विभाग ने अगले तीन से चार दिनों में तापमान में और गिरावट की जतायी संभावना।
- जेएससीए स्टेडियम में खेले गये रणजी ट्रॉफी मुकाबले में झारखंड ने नागालैंड को एक पारी और 196 रनों से किया पराजित।

*************************

घाटशिला विधानसभा उपचुनाव में भाजपा और झामुमो ने पूरी ताकत झोंक दी है। भाजपा प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन के समर्थन में मंगलवार को आयोजित जनसभा में ओड़िशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने कहा कि झारखंड में अब परिवर्तन तय है। उन्होंने कहा कि ओड़िशा की तरह झारखंड में भी जनता विकास और स्थिरता चाहती है, लेकिन झारखंड सरकार ने जनता की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है।

इसके साथ ही भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी मुसाबनी और गालूडीह में आयोजित पंचायत स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि हेमंत सोरेन की नज़र में आदिवासी समाज अपरिपक्व है, और वे उन्हें महत्वपूर्ण पदों पर देखने से कतराते हैं। यह आदिवासी समाज की प्रतिभा और क्षमता का अपमान है।

उधर गालूडीह के आंचलिक मैदान में झामुमो की चुनावी सभा को संबोधित करते हुए गांडेय विधायक कल्पना सोरेन ने कहा कि जो मशाल रामदास दा ने जलाई थी, उसे आगे बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमेश सोरेन को आपके बीच भेजा है।

आपको बता दें कि घाटशिला विधानसभा सीट झारखंड के दिवंगत शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के निधन के कारण रिक्त हुई है। इस उपचुनाव में झामुमो ने उनके पुत्र सोमेश सोरेन को मैदान में उतारा है।

*************************

स्टेट पुलिस नोडल पदाधिकारी डॉ माइकलराज एस ने घाटशिला विधानसभा उपचुनाव को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए पूर्वी सिंहभूम के पुलिस पदाधिकारियों के साथ वीडियो कान्फ्रेसिंग के जरिए समीक्षा बैठक की। उन्होंने केंद्रीय सुरक्षा बलों और राज्य पुलिस बलों की योजनाबद्ध तरीके से प्रतिनियुक्ति, सुरक्षित आवासन, आवागमन और पोलिंग पार्टी के आने–जाने के लिए रूट चार्ट तैयार करने का निर्देश दिया। पुलिस महानिरीक्षक ने संवेदनशील इलाकों में अस्थायी हेलीपैड और संचार की व्यवस्था का निर्देश दिया।

*************************

झारखंड हाईकोर्ट ने 1984 के सिख दंगा पीड़ित को मुआवजा देने के मामले में राज्य सरकार को वन मैन कमीशन को सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने का आदेश दिया है। मंगलवार को सुनवाई के दौरान बताया गया कि हाई कोर्ट द्वारा गठित वन मैन कमीशन को अब तक कई सुविधाएं नहीं मिली हैं। चीफ जस्टिस तरलोक सिंह

चौहान की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने राज्य सरकार को निर्देश दिया कि 11 नवंबर तक वन मैन कमीशन को सभी सुविधाएं उपलब्ध करायें।

*************************

राज्य सरकार ने गढ़वा जिले के मझिआंव सीओ प्रमोद कुमार को सस्पेंड कर दिया है। मझिआंव सीओ पर कार्यालय में शराब पीकर लोगों से दुर्व्यहार, मारपीट, अभ्रद भाषा का प्रयोग कर धमकी देने, पैसे का लेन–देन और जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय में कमी जैसे गंभीर आरोप हैं। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय दक्षिण छोटानागपुर प्रमंडल का आयुक्त कार्यालय होगा।

*************************

झारखंड समेत देशभर में आज गुरूनानक देव जी का 556वां प्रकाश पर्व धूम–धाम से मनाया जा रहा है। गुरु नानक देव सिख धर्म के दस गुरूओं में पहले गुरु होने के साथ ही सिख धर्म के संस्था्पक थे। यह पर्व कार्तिक पूर्णिमा पर प्रत्ये्क वर्ष मनाया जाता है। इधर रांची स्थित गुरूनानक स्कूल में मुख्य समारोह का आयोजन किया जा रहा है।

इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरु नानक जयंती पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि गुरू नानक जी का संदेश सत्य , न्याय और सहानुभूति पर आधारित जीवन जीने की शिक्षा देता है। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी राज्यवासियों को शुभकामनाएं दी है।

*************************

साहिबगंज जिले में केज कल्चर से आधुनिक तकनीक सीख कर मछली पालन कर स्वावलंबन की ओर किसान अग्रसर हो रहे हैं। विस्तृत जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

*************************

22 सितंबर को शुरू हुए जीएसटी बचत उत्सव से देश भर के लोग लाभान्वित हो रहे हैं। परिधान और जूतों के क्षेत्र में नई जीएसटी दरें नागरिकों के लिए मददगार साबित हो रही हैं। एक रिपोर्ट–

*************************

मौसम विभाग ने कहा कि पश्चिमी और उत्तरी हवाओं के कारण झारखंड में अगले तीन से चार दिनों में धुंध बढ़ने के साथ तापमान में और कमी आने की संभावना है। झारखंड में पिछले 24 घंटे के दौरान न्यूनतम तापमान में चार से पांच डिग्री की कमी दर्ज की गयी है जो सामान्य से नीचे है। रांची का न्यूनतम तापमान कल 18.3 डिग्री सेल्सियस था, जो तीन डिग्री से अधिक गिरकर 15 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया।

*************************

जेएससीए अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में खेले गये रणजी ट्रॉफी मुकाबले में झारखंड ने नागालैंड को एक पारी और एक सौ छियानबे रन के बड़े अंतर से हराकर शानदार जीत दर्ज की है। नागालैंड की टीम अपनी दूसरी पारी में 160 रन पर सिमट गयी। इससे पहले झारखंड अपनी पहली पारी में आठ विकेट पर 510 रन बनाये। पहली पारी में झारखंड के अनुकूल ने आठ और दूसरी पारी में पांच विकेट लिये।

*************************

और अब अखबारों की सुर्खियां–

- रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने छत्तीसगढ़ में ट्रेन हादसे की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है। इसके अलावा

- दैनिक भास्कर ने एमएसएमई विधेयक–2025 को राज्यपाल से मंजूरी मिलने की खबर को प्रमुखता दी है।
- वहीं एसएसएसई विधेयक 2025 पर प्रभात खबर ने लिखा है– तीन वर्षों तक किसी भी लाइसेंस की नहीं होगी जरूरत।
- हिन्दुस्तान ने लिखा है– उलीहातू के बिरसा महोत्सव को मिला राजकीय पर्यटन का दर्जा।
- दैनिक जागरण ने सुप्रीम कोर्ट के हवाले से लिखा है– बायोमीट्रिक हाजिरी प्रणाली अवैध नहीं।

***********समाप्त***************